देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 168 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
परस्पर
विरोधी दावे



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

79924.77

2 गैर मुस्लिमों को जजिया देना चाहिए
7 बुमराह निभा रहे हैं पत्नी का साथ

# भारत का लोहा मान गया मालदीव

## पीएम मोदी के साथ मालदीव के राष्ट्रपति की हुई मुलाकात, हुए कई समझौते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते और 30 अरब रुपये (360 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की सहायता प्रदान करने के भारत सरकार के फैसले के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी और मुइज्जू ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद भारत ने आज नकदी की कमी से जूझ रहे मालदीव को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ट्रेजरी बिल रोल ओवर प्रदान किया, इसके अलावा दोनों पक्षों ने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 3,000 करोड़ रुपये के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री मोदी ने विकास साझेदारी को नई दिल्ली–मालदीव संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत ने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को पहले रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ष्विकास के लिए साझेदारी हमारे (भारत–मालदीव) संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को पहला स्थान दिया है। इस साल, एसबीआई ने मालदीव के ट्रेजरी बेंच के 100 मिलियन डॉलर का रोलओवर किया। मालदीव की जरूरतों के अनुसार, 400 मिलियन डॉलर और 3000 करोड़ रुपये के मुद्रा स्वैप समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। सितंबर में, भारत ने घोषणा की थी कि भारतीय स्टेट बैंक 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मालदीव सरकार के बॉन्ड में सब्सक्रिपशन लेगा। इससे पहले मई 2024 में, एसबीआई ने इसी तरह मालदीव सरकार के अनुरोध पर, उसी तंत्र के तहत 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के टी–बिल को सब्सक्राइब किया था। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने आज मालदीव में लॉन्च किए गए रूपे कार्ड भुगतान के पहले लेनदेन को देखा। दोनों नेताओं ने द्वीप राष्ट्र में हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के माध्यम से जुड़ेंगे।

### मुइज्जू ने मदद के लिए पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

मुइज्जू ने कहा, मैं 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते के अलावा 30 अरब रुपये की सहायता प्रदान करने के भारत सरकार के फैसले के लिए आभारी हूं, यह मदद हमारे सामने मौजूद विदेशी मुद्रा से जुड़े मुद्दों को हल करने में सहायक होगा।



### भारत ने हमेशा पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है: पीएम

पीएम मोदी उन्होंने आगे कहा कि भारत की पड़ोस नीति और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत मालदीव का निकटतम पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ष्सबसे पहले मैं राष्ट्रपति मुइज्जू और उनके प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत करता हूं। भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का निकटतम पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र है। मालदीव हमारी पड़ोस नीति और सागर विजन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे मुइज्जू का आज राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया।

### दोनों देशों के बीच ऐसे बढ़ा था तनाव

भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तब से तनाव आ गया जब से मुइज्जू (जिन्हें चीन समर्थक माना जाता है) ने पिछले साल नवंबर में शीर्ष पद का कार्यभार संभाला है। मुइज्जू ने पिछले साल इंडिया आउट अभियान के तहत राष्ट्रपति चुनाव जीता था और नई दिल्ली से इस साल मई तक द्वीपसमूह में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने को कहा था। जब मालदीव के मंत्रियों ने मोदी की आलोचना की थी, तब और भी द्विपक्षीय संबंधों में खटास आई थी। हालांकि मुइज्जू के भारत विरोधी रुख में बदलाव आया है। मुइज्जू ने उन मंत्रियों को बर्खास्त भी कर दिया है, जो भारतीय प्रधानमंत्री की आलोचना करते थे। चूंकि मालदीव गंभीर आर्थिक मंदी से जूझ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहन भागवत के बयान पर असदुद्दीन ओवैसी बौखलाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 'ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन' के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदू समाज को आंतरिक मतभेदों को मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। ओवैसी ने आरोप लगाया कि संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश में हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों को खतरा पैदा कर रहे हैं।

### संजय रॉय ने ही किया डॉक्टर का रेप और मर्डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज**

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला पर सीबीआई इस केस को लेकर हर पहलू की जांच में जुटी है। सीबीआई ने सोमवार को सियालदह कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। केस में पहले से ही हिरासत में लिए गए आरोपी संजय रॉय को ही सीबीआई ने मुख्य आरोपी बताया है।

# सरकार की पहल से पशुधन की योजनाएं धरातल स्तर पर पहुंचेगी

## आईटीबीपी तथा उत्तराखण्ड कॉओपरेटिव फेडरेशन के मध्य एमओयू की तैयारियां पूरी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड में स्थित सभी आईटीबीपी पोस्ट पर सीमान्त जिलों चंपावत, चमोली, उत्तरकाशी व पिथौरागढ़ के गांवों के 4000 से अधिक स्थानीय किसानों पशुपालकों के माध्यम से मांस हेतु भेंड़, बकरियां, पॉलट्री तथा ट्राउट मछली की आपूर्ति के सम्बन्ध में आईटीबीपी तथा उत्तराखण्ड कॉओपरेटिव फेडरेशन के मध्य एमओयू की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में विकास, सीमान्त क्षेत्रों में रिमाइग्रेशन को बढ़ावा देने व पलायन को रोकने तथा सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए इस एमओयू को जल्द सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए हैं।

उक्त एमओयू को वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम के लिए प्रभावी पहल बताते हुए सीएस श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि इससे सीमान्त क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही पशुओं की स्थानीय ब्रीड व पशुधन को बढ़ावा, सीमान्त आबादी के लिए रोजगार के अवसरों को गति व वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि आईटीबीपी तथा उत्तराखण्ड कॉओपरेटिव फेडरेशन के मध्य इस एमओयू से अन्य समकक्ष सैन्य संस्थाओं जैसे एसएसबी, सेना आदि के साथ भी इस क्षेत्र में कार्य करने के मार्ग खुलेंगे।

### पशुओं हेतु मेडिकल मोबाइल वैन की व्यवस्था के निर्देश

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि आईटीबीपी व उत्तराखण्ड सरकार की इस पहल से राज्य में पशुधन की योजनाएं धरातल स्तर पर पहुंचेगी। बैठक में आईटीबीपी ने राज्य के सीमान्त क्षेत्रों में अपने पशु चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सहमति देते हुए मुख्य सचिव ने सीएसआर फण्ड के तहत पशुओं हेतु मेडिकल मोबाइल वैन की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। आईटीबीपी द्वारा प्रस्तावित पर्यटन क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने इस विषय पर पर्यटन विभाग के साथ बैठक के निर्देश दिए हैं।

# विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 2024 के नोबेल पुरस्कारों का एलान सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत सोमवार को फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का एलान किया गया। इस साल अमेरिका के विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दोनों को माइक्रो आरएनए की खोज के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इससे पहले पिछले साल यानी 2023 में कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया था। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया था। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी–19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली थी।

विक्टर एम्ब्रोस ने सी. एलिगेंस में विकासात्मक समय के जेनेटिक कंट्रोल को लेकर शोध किया है। यह खोज जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके को समझने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। माइक्रोआरएनए को लेकर एम्ब्रोस और रुवकुन की खोज ने विनियमन के होने का एक नया तरीका बताया है।

### एलान

■दोनों को माइक्रो आरएनए की खोज के लिए मिला सम्मान

### इतना मिलता है पुरस्कार

पुरस्कारों में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर यानी एक मिलियन अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था। नोबेल पुरस्कार अधिकतम तीन विजेताओं को दिया जा सकता है। उन्हें पुरस्कार राशि साझा करनी होती है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अंतरिक्ष में कामयाबी की तरफ बढ़ रहे भारत के कदम

■स्वच्छता में सुधार के उद्देश्य से शुरू किया गया मिशन 4.0

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। इसरो ने अंतरिक्ष विभाग में स्वच्छता को बढ़ावा देने और पुराने कामों को निपटाने के लिए विशेष अभियान 4.0 शुरू किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्वच्छता में सुधार और लंबित कार्यों को निपटाने के उद्देश्य से एक बड़ी सरकारी पहल के हिस्से के रूप में अपना विशेष अभियान 4.0 शुरू किया है।

यह अभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा और इसमें पीएसई सहित अंतरिक्ष विभाग के तहत सभी कार्यालय शामिल थे। इसरो ने सोमवार को कहा, बेंगलुरु में इसरो मुख्यालय ने प्रभावशाली गतिविधियों के साथ शुरुआत की! अब, 2 से 31 अक्टूबर 2024 तक, अंतरिक्ष विभाग,ऑटोनॉमस बॉडी और PSEs सहित इसके कार्यालय, विशेष अभियान के लिए तैयारी कर रहे हैं। 4.0. स्वच्छता बढ़ाने और पुराने कार्यों को निपटाने पर केंद्रित, यह अभियान प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग डीएआरपीजी, के दिशानिर्देशों के अनुरूप पिछले 3 सालों की मेहनत को दर्शाता है, आइए इसे और सफल बनाएं!

## न्यूज डायरी



### नेतन्याहू भड़के तो ढीले पड़े फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, तुरंत मिलाया फोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फ्रांस ने इजरायल को हथियार देने पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया। इसके बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर भड़क उठे और खूब खरी–खोटी सुनाई। इजरायली पीएम के कड़े तेवर देख फ्रांस नरम पड़ गया। रविवार को अचानक फ्रांस के राष्ट्रपति ने फोन मिलाकर बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। मैक्रों ने स्पष्ट कहा कि वह इजरायल के साथ खड़े हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने एक दिन पहले इजरायल पर हथियार प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इसके बाद इजरायल भड़क गया था। फोन पर की गई बातचीत के बारे में फ्रांस ने बताया कि दोनों नेताओं ने अपने मतभेदों को स्वीकार किया है। एक–दूसरे को अच्छी तरह से समझने की इच्छा भी जताई। हालांकि फ्रांस ने संकेत दिया कि मैक्रों इजरायल को हथियार बेचने के अपने विरोध से पीछे नहीं हटेंगे। फोन पर बातचीत के दौरान नेतन्याहू ने मैक्रों से कहा कि उम्मीद है कि इजरायल के मित्र पीछे खड़े होंगे। कोई ऐसी सीमा नहीं लगाएंगे जो केवल ईरानी आतंकवादी गठबंधन को मजबूत करें। नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्लाह के खिलाफ आईडीएफ अभियान, जिसका मैक्रों विरोध करते हैं। वह पूरे क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और शांति की दिशा में लेबनान में वास्तविकता को बदलने का अवसर है। उधर, मैक्रों ने इजरायल की सुरक्षा के लिए फ्रांस की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि फ्रांस ने ईरानी हमलों के खिलाफ इजरायल की रक्षा में मदद की थी।

### मिडिल ईस्ट में जंग के बीच ईरान ने भारत को कहा शुक्रिया?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। मध्य पूर्व में लगातार तनाव बना हुआ है। इजरायल पर हमास के हमले के बाद गाजा में शुरू हुआ युद्ध अब लेबनान तक पहुंच गया है। इसमें पिछले दिनों ईरान की भी एंट्री हुई जब उसने हिजबुल्लाह के समर्थन में इजरायल पर मिसाइलों की बारिश कर दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने संबोधन में इजरायल को खत्म करने की बात कही है। इस पूरे संघर्ष पर भारत की भी नजर बनी हुई है। नई दिल्ली के ईरान और इजरायल दोनों से अच्छे रिश्ते हैं। इन तनाव भरे माहौल के बीच भारत में ईरान के राजदूत ने भारत को धन्यवाद दिया है। दरअसल, इजरायल और अमेरिका के साथ तनाव में उलझे ईरान की अर्थव्यवस्था संकट में फंसी हुई है। लंबे समय से ईरान ब्रिक्स में शामिल होना चाहता था, जिसका भारत प्रमुख सदस्य है। इस बार ईरान को ब्रिक्स में शामिल कर लिया गया। इसके पीछे भारत का समर्थन प्रमुख वजह था। अब ईरानी राजदूत ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया है। ईरानी राजदूत ने कहा, ईरान को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाने में मदद के लिए भारत के प्रति हमारा सम्मान और आभार है। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ईरानी विदेश विभाग रूस के कजान में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान के बीच बैठक पर काम कर रहा है। ईरानी राजदूत ने मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष को लेकर भारत की भूमिका को लेकर भी बात की।

### सिर्फ भारतीयों को मिल रही नौकरी... कनाडाई महिला का रेस्तरां चेन पर आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा की एक महिला ने लोकप्रिय कॉफीहाउस और रेस्तरां चेन टिम हॉर्टन्स इंक पर भेदभाव का आरोप लगाया है। महिला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा है कि कनाडाई कंपनी टिम हॉर्टन्स अपने देश के लोगों के बजाय भारतीयों को नौकरी में तरजीह दे रही है। क्लॉस आर्मिनियस नाम की महिला के ये आरोप लगाने के बाद एक्स पर इस संबंध में कनाडाई लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। कई लोगों क्लॉस के इल्जाम को सही कहा है तो कुछ ने इसे गैरजरूरी करार दिया है। क्लॉस आर्मिनियस का कहना है कि टिम हॉर्टन्स ने पहले तो कनाडाई लोगों के साथ भेदभाव किया और जब उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई तो उनको कंपनी ने नौकरी से निकाल दिया। महिला का दावा है कि कंपनी भारतीयों का पक्ष लेती है, जो देश की विविधता और समावेशी चरित्र के खिलाफ है। ऐसे में कंपनी के इस रवैये पर रोक लगनी चाहिए। क्लॉस आर्मिनियस के इस पोस्ट को 45 लाख लोग देख चुके हैं।

# 7 दुश्मनों से अकेला ही लड़ रहा इजरायल

**रिपोर्ट** पिछले एक साल में इजरायल ने 40,000 से अधिक लक्ष्यों पर बमबारी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**







नई दिल्ली। पिछले साल इसी दिन इजरायल पर हमास ने हवाई हमला करते हुए 1200 लोगों की जान ले ली थी। ऑपरेशन का नाम देकर हमास ने इजरायल के लोगों पर बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थी। हमास ने इजरायली लड़कियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। छोटे बच्चों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया।

वहीं, हमास का खात्मे का प्रण लेकर इजरायल पिछले एक साल से गाजा में युद्ध लड़ रहा है। गाजा के अलावा इजरायल लेबनान में भी हिजबुल्लाह से लोहा ले रहा है।

दूसरी तरफ ईरान, हमास और हिजबुल्लाह के साथ खड़ा है। मिडिल ईस्ट में छिड़े इस महायुद्ध में इजरायल अकेले ही कई सात फ्रंट पर लड़ रहा है। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हमास और उसके समर्थन में खड़े होने वाले हर संगठन को खत्म करने की कसम खाई है। ऑपरेशन के तहत गाजा पट्टी में पिछले एक साल में इजरायल ने 40,000 से अधिक लक्ष्यों पर बमबारी की है। इतना ही नहीं इजरायली सेना ने 4,700 सुरंग और 1,000 रॉकेट लॉन्चर साइटों को तबाह कर दिया। इजरायल की सेना ने कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को 726 इजराइली सैनिक मारे गए थे। वहीं, 27 अक्टूबर को 346 सैनिक मारे गए थे। वहीं, अब तक युद्ध की वजह से 4,576 सैनिक घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा पर इजरायल के बाद के सैन्य हमले में लगभग 42,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। युद्ध की शुरुआत के बाद से गाजा की ओर से इजरायल पर 13,200 रॉकेट दागे। वहीं, लेबनान की ओर से 12,400, सीरिया की ओर से 60, यमन की ओर से 180 और ईरान की ओर से 400 मिसाइलें दागे गए।

इजरायल ने हमास के टॉप कमांडर इस्माइल हानिया और मोहम्मद डेफ को मौत की नींद सुला दिया है। हमास और इजरायल के बीच कई बार संघर्षविराम लग चुका है, लेकिन इजरायल युद्ध रोकने के मूड में बिल्कुल नहीं है। वहीं, हमास के बाद मौजूदा समय में इजरायल ने लेबनान की ओर हिजबुल्लाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुछ दिनों पहले इजरायली हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया था। उसकी मौत पर ईरान आग बबूला हो उठा। ईरान ने इजरायल पर एक साथ 181 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। मगर ईरान का यह हमला विफल हो गया। हमले में राजधानी तेल अवीव में सिर्फ दो लोग घायल हुए हैं। आशंका है कि इजरायल हमास के बीच छिड़ी ये जंग धीरे–धीरे ईरान भी पहुंच सकती है।

ईरान के सहयोगी हूती ने भी इजरायल के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। हूती ने लाल सागर में पश्चिमी देशों से आने वाले कई जहाजों को निशाना बनाया। हूती आतंकी लगातार इजरायल पर मिसाइल हमले कर रहे हैं। इजरायल भी इन हमलों का करारा जवाब दे रहा है।

## इस्लामिक हुकूमत में गैर मुस्लिमों को जजिया देना चाहिए: जाकिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** इस्लामाबाद। भारत में वांछित चल रहा भगोड़ा इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने उसे अपना सरकारी मेहमान बनाया है। नाइक एक महीने तक पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में लेक्चर देगा।

असल में जाकिर नाइक इस्लाम के प्रचार के नाम पर मंच से गैर मुस्लिमों के खिलाफ जहर उगल रहा है। ऐसे ही एक कार्यक्रम में जाकिर नाइक ने गैर मुस्लिमों से जजिया कर वसूले जाने को सही बताया है। इसके साथ ही उसने भारत के खिलाफ भी जहर उगला है। जाकिर नाइक के एक कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी ईसाई ने सवाल पूछा कि पाकिस्तान में ईसाईयों ने नफरत क्यों की जाती है। उसने कुरान का हवाला दिया और कहा कि खुद पैगम्बर मोहम्मद साहब किसी से नफरत न करने की बात कहते थे, तो आखिर पाकिस्तान के मुसलमान इसे क्यों नहीं मानते? इस पर जाकिर नाइक ने जो जवाब दिया वो हैरान करने वाला था।

जाकिर नाइक ने पहले तो कहा कि जब आप इतिहास पढ़ेंगे तो देखेंगे कि इस्लाम के शासन में गैर मुस्लिम सबसे ज्यादा महफूज (सुरक्षित) होते हैं।



### पाकिस्तान में कराची एयरपोर्ट के पास बड़ा धमाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के कराची इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास देर रात बड़ा धमाका हुआ है। दो चीनी नागरिक समेत तीन की मौत की खबर है। वहीं 17 लोग घायल हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। धमाका इतना भीषण था कि शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में आवाज सुनाई पड़ी। पुलिस बम धमाके की जांच में जुटी है। वीडियो में एयरपोर्ट के पास धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। पाकिस्तान में चीनी दूतावास ने कहा कि रविवार रात को कराची के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक विस्फोट में दो चीनी नागरिक मारे गए हैं। चीनी दूतावास ने कहा कि पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के एक काफिले पर हवाई अड्डे के पास हमला किया गया। पाकिस्तान में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

# जमीन खा गई या आसमान निगल गया ईरान के कुद्स फोर्स के प्रमुख लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान ने इजरायल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इसके दो दिन बाद से ईरान की शक्तिशाली कुद्स फोर्स के प्रमुख इस्माइल कानी लापता हैं। ईरान उनके साथ संपर्क नहीं बना पा रहा है। जानकारी के मुताबिक हसन नसरल्लाह की मौत के बाद वह लेबनान पहुंचे थे। मगर वह अब किस हाल में किसी को कुछ नहीं पता है।

ईरान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते गुरुवार बेरूत में इजरायली एयर स्ट्राइक के बाद से इस्माइल कानी का कुछ पता नहीं है। ईरानी अधिकारी के मुताबिक वह बेरूत के दहिया इलाके में थे। यहां

**बेरूत स्ट्राइक के बाद से नहीं हो पा रहा संपर्क**

गुरुवार को इजरायल ने हिजबुल्लाह के संभावित उत्तराधिकारी हाशिम सफीउद्दीन को स्ट्राइक में निशाना बनाया। हालांकि ईरानी अधिकारी का कहना है कि इस्माइल सफीउद्दीन से नहीं मिले थे। उधर, बेरूत हमले में इस्माइल कानी के मारे जाने की खबरों पर इजरायल ने कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की।

हिजबुल्लाह का कहना है कि उसके नेता हाशिम सफीउद्दीन से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। उनकी तलाश की कोशिश की जा रही है। मगर इजरायल इस तलाश को आगे नहीं बढ़ने दे रहा है। 27 सितंबर को इजरायल ने बेरूत में भीषण बमबारी में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को ढेर किया था। इसके बाद उत्तराधिकारी के रूप में हाशिम सफीउद्दीन का नाम सबसे आगे था।

67 वर्षीय इस्माइल कानी का जन्म मशहद में हुआ था। यह शहर उत्तर–पूर्वी ईरान में पड़ता है। उन्होंने 1980 के दशक में ईरान–इराक युद्ध के दौरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को ज्वाइन किया था। 2020 में ईराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में कुद्स फोर्स के प्रमुख कासिम सुलेमानी को मारा गया था। इसके बाद ईरान ने इस्माइल कानी को रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स की विदेशी सैन्य खुफिया सेवा का प्रमुख नियुक्त किया था।

### चीन ने एक ही इमारत के अंदर बसा दिया शहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के इंजीनियर अपनी प्रतिभा से समय–समय पर दुनिया को चौंकाते रहे हैं। एक बार फिर चीन की एक इमारत चर्चा में आई है। ये इमारत चीन के कियानजियांग सेंचुरी शहर में बनी है, जिसका नाम रीजेंट इंटरनेशनल बिल्डिंग है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी आवासीय इमारत माना जाता है। इस बिल्डिंग में 20 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। यानी चीन की इस अकेली इमारत में एक बड़े कस्बे जितनी आबादी रह रही है। चीन की इस खास इमारत का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है।

रीजेंट इंटरनेशनल 675 फुट ऊंची इमारत है जो एस आकार में बनी है। दरअसल इसे एक लग्जरी होटल के हिसाब से डिजाइन करते हुए बनाया गया था। बाद में इसे एक विशाल रिहायशी अपार्टमेंट वाली इमारत में बदल दिया गया।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए शेष समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

## विभिन्न विभागों से संबंधित 16 शिकायतें दर्ज, 07 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण

**जनता मिलन**

जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम किया गया आयोजित

**संवाददाता**



रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसंवादध्जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस दौरान उन्होंने पूर्व के जनता दरबारों में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। लंबित एक शिकायत के तत्काल निराकरण के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ज्येष्ठ उप प्रमुख जखोली नागेंद्र सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत धारकोट में विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच किए जाने संबंधी प्रार्थना–पत्र दिया। रुद्रप्रयाग निवासी अनीता देवी ने मकड़ी बाजार में स्थित अंग्रजी मदीरा की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की। रुद्रप्रयाग निवासी लक्ष्मी गुंसाई ने सीवर लाइन को नगर पालिका की नालियों में छोड़ने की शिकायत दर्ज की। जलई निवासी सूरज सिंह ने बांसवाड़ा, जलई, कंडारा मोटर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग की। दरमोला गांव के रमेश सिंह पंवार ने चोपड़खेत नामी तोक से दरमोला पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने की समस्या से अवगत कराया। जरम्वाड़ के रवींद्र सिंह ने ग्राम पंचायत में पेयजल निगम द्वारा की गई भारी अनियमितता एवं पेयजल स्रोत तथा टैंकों का निर्माण कार्य को पूरा न किए जाने की शिकायत दर्ज की। इस तरह आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कुल 16 शिकायत दर्ज हुई जिनमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एल–1 एवं एल–2 के स्तर पर जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में एल–1 पर 172 तथा एल–2 पर 46 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को स्वयं जगतोली में पेयजल की शिकायत की जांच करने के निर्देश दिए, वहीं जल संस्थान एवं निगम को आज की क्यूडी में पानी का कनेक्शन देने को कहा। एसीपी से जुड़ी शिकायत पर डीईओ बेसिक को आज ही रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए वहीं धारकोट में विकास कार्यों की जांच की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी को करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन आवेदन पत्रों पर स्थलीय निरीक्षण किया जाना है दो दिन के भीतर मौके पर पहुंचकर कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए आख्या उपलब्ध करा दी जाए।

## न्यूज डायरी

### ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार कर प्रकाशित करेंगे आधिकारी

**संवाददाता** चमोली। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी के आदेशों के क्रम में जनपद चमोली की समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण कार्यो 2024–25 हेतु सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अतिरिक्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पं0 की नियुक्ति की गयी है। जो विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार कर प्रकाशित करेंगे तथा मतदाता सूचियों के संबंध में प्रस्तुत दावे और आपत्तियों का निपटारा कर उन्हें संशोधित करते हुए अंतिम रूप देंगे। नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्षेत्र पंचायतवार पर्यवेक्षकों, संगणकों(बीएलओ) की नियुक्ति कर निर्धारित कार्यक्रमानुसार क्षेत्र पंचायत मुख्यालय में उन्हें प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे।

### हिम आच्छादित क्षेत्र के घरेलू श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। हिम आच्छादित क्षेत्र के घरेलू श्रेणी के ऐसे विद्युत उपभोक्ता जिनका मासिक विद्युत उपभोग 200 यूनिट तक है उन्हें लागू विद्युत दरों में 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय डीएस रौतेला ने उक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को हिम आच्छादित क्षेत्र की अधिसूचना तत्काल निर्गत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित शर्तों के अनुसार घरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ता जिनका अनुबंधित विद्युत भार 01 किलोवाट तक तथा मासिक विद्युत उपभोग 100 यूनिट तक है उन्हें विद्युत दरों (विद्युत कर सहित) 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। बताया कि उक्त सब्सिडी 01 सितंबर, 2024 से की गई विद्युत खपत पर अनुमन्य होगी। उन्होंने बताया कि उक्त सब्सिडी का व्यय भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा तथा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण यूपीसीएल की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

### निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण कार्यों के लिए नोडल अधिकारी हुए नियुक्त

**संवाददाता** चमोली। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद में समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यों के संचालन के लिए ज्योतिर्मठ में हरीश चन्द्र सुयाल, दशोली भगवान सिंह राणा, नन्दानगर (घाट) विलेश्वर पंत, कर्णप्रयाग विजय प्रसाद पुरोहित, पोखरी राजेन्द्र सिंह बिष्ट, गैरसैंण अशोक कुमार शर्मा, थराली मोहन प्रसाद जोशी, नारायणबगड़ वीरेन्द्र सिंह असवाल और देवाल के लिए शिव सिंह भंडारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## गौचर मेले सफल आयोजन को लेकर समितियों का हुआ पुर्नगठन

**संवाददाता**

चमोली। 72वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले की तैयारियां जोरों पर है। गौचर मेले के सफल आयोजन हेतु पूर्व में गठित समितियों में परिवर्तन और पुनर्गठन हेतु सोमवार को मेलाधिकारीध्उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय की अध्यक्षता में गौचर नगर पालिका सभागार में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न समितियों में आवश्यक संशोधन किया गया। बैठक में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख चन्द्रेश्वरी देवी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू बिष्ट एवं अन्य जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि कहा कि गौचर मेला हमारी परम्पराओं से जुड़ा मेला है। हमारी संस्कृति एवं परम्परों को ध्यान में रखते हुए मेले को भव्यता प्रदान की जाएगी। सबके सहयोग और जनभावना के अनुरूप मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका दिया जाए। ताकि उनका मनोबल बढ़ सके।

मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के भव्य आयोजन को लेकर कोई भी व्यक्ति अपना महत्वपूर्ण सुझाव देना चाहता है तो अभी भी तहसील कर्णप्रयाग में दे सकते है। कहा कि सबके सुझावों को शामिल करके ही मेले को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने गौचर मेला समिति से जुड़े सभी पदाधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही।



## डीएम ने की संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को हर 15 दिन में वीडीओ के साथ तथा हर सोमवार को रेखीय विभागों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। साथ ही सबसे कम प्रदर्शन करने वाले वीडीओ की सूची डीडीओ के साथ साझा करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित ज्योर्तिमठ के बीडीओ को चेतावनी जारी करने के साथ ही एक दिन का वेतन रोकने तथा डीपीओ को हटाने के निर्देश दिए। तथा थराली के एबीडीओध्डीपीओ को भी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। आधार बेस्ड पेममेंट में कम प्रगति पर ज्योर्तिमठ व दशोली के बीडीओ को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ से जड़ी बूटी के उत्पादन को लेकर जानकारी मांगी है।

## 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले निर्वाचक नामावली में अपना नाम करा सकेंगे अंकित

**संवाददाता**

■राज्य निर्वाचक नामावली में पात्र व्यक्तियों का भी तैयार करेंगे विवरण

रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) में नाम व पता अंकित कराने सहित गलत प्रविष्टियों के निष्कासन तथा पात्र व्यक्तियों के नाम सम्मिलित कराने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। संगणक घर–घर जाकर प्रत्येक परिवार के समस्त वयस्क/पात्र व्यक्तियों का विवरण तैयार करेंगे जिसकी एक प्रति परिवार के मुखिया को भी उपलब्ध कराई जाएगी। 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले व्यक्ति भी निर्वाचक नामावली में अपना नाम अंकित करा सकेंगे।

जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सौरभ गहरवार के निर्देशन में पंचायत निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार 9 अक्टूबर तक क्षेत्र पंचायतवार नोडल अधिकारी, सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद 10 से 13 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतवार विस्तृत पुनरीक्षण हेतु संगणकों, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

14 से 19 अक्टूबर तक कार्यक्षेत्र आवंटन तथा तद्संबंधी जानकारी प्राप्त करने सहित प्रशिक्षण व गणना से संबंधित आवश्यक लेखन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। 20 अक्टूबर से 16 नवंबर तक संगणकों द्वारा घर–घर जाकर गणना का कार्य, 17 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की पांडुलिपियां तैयार, 21 व 22 नवंबर को पांडुलिपियां पंचास्थानि चुनावालय में जमा, 23 नवंबर से 22 दिसंबर तक निर्वाचक नामावलियों की डेटा एंट्री तैयार करना, 23 से 24 दिसंबर को नामावलियों की प्रतियां नोडल अधिकारी व सहायक नोडल रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मतदान केंद्रवार तैनात किए गए कर्मचारियों को जन सामान्य के निरीक्षणार्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। 25 दिसंबर को निर्वाचक नामावली के आलेख्य प्रकाशन, 26 दिसंबर से 01 जनवरी, 2025 तक निर्वाचक नामावली का निरीक्षण करते हुए दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

## आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे भगत सिंह कोश्यारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा स्वर्गीय विधायक शैला रानी रावत सामाजिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह एवं समरसता सहभोज कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भगत सिंह कोश्यारी आज प्रातः 11:15 बजे होटल रुद्रा से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे अगस्त्यमुनि पहुंचेंगे तथा केदारनाथ की पूर्व विधायक स्वर्गीय शैला रानी रावत सामाजिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह एवं समरसता सहभोज कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम समापन के पश्चात् श्री भगत सिंह कोश्यारी दोपहर 2 बजे अगस्त्यमुनि से श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# परस्पर विरोधी दावे

**ममता बनर्जी का कहना है कि इस बार उनकी सरकार को समय पर सूचित नहीं किया गया जबकि दामोदर वैली कॉरपोरेशन और केंद्र सरकार का कहना है कि इस बार भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

पश्चिम बंगाल सरकार ने अचानक जिस तरह से झारखंड के साथ लगती अंतरराज्यीय सीमा को बंद कर दिया और जवाब में झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम वहां से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी दे रही है, वह दो राज्यों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बहुत ही खराब प्रसंग माना जाएगा। इस टकराव से दोनों राज्यों के सामान्य लोगों की परेशानियों में इजाफा भले हो जाए, विवाद निपटाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली।

दरअसल, दामोदर वैली कॉरपोरेशन की ओर से पानी छोड़ा गया। वहीं, पश्चिम बंगाल के 11 जिले बाढ़ में डूब गए थे। मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी इसे मानव निर्मित बाढ कह रही हैं। उनका आरोप है कि झारखंड स्थित डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण यह बाढ़ आई। लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले दो–तीन दिनों से उन इलाकों में तेज बारिश हुई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण झारखंड के जलाशय खतरे के निशान के आसपास पहुंच गए थे।



सबसे बड़ी बात यह है कि पानी छोड़ने का फैसला राज्य सरकार का नहीं होता, न ही इसके पीछे तात्कालिक राजनीतिक समीकरणों की कोई भूमिका होती है। इसका पूरा सिस्टम काफी पहले से बना हुआ है। कब कितना पानी छोड़ा जाना है, यह निर्णय एक रेग्युलेशन कमिटी करती है जिसमें दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। सभी संबंधित पक्षों को सही समय पर फैसले की सूचना देने की भी प्रक्रिया पूरी तरह परिभाषित है।

ममता बनर्जी का कहना है कि इस बार उनकी सरकार को समय पर सूचित नहीं किया गया जबकि दामोदर वैली कॉरपोरेशन और केंद्र सरकार का कहना है कि इस बार भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। अगर अमल में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है तो इस बात की जांच की जा सकती है कि सूचना देने या संबंधित व्यक्ति तक पहुंचने में किस स्तर पर और किस वजह से चूक हुई। आरोप–प्रत्यारोप को इस स्तर पर ले जाने से हालात को बेहतर बनाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली।

वैसे, ममता बनर्जी ने तकनीकी तौर पर बॉर्डर सील करने की वजह यह बताई है कि झारखंड से आने वाली गाड़ियां बाढ़ के पानी में बह न जाएं। लेकिन अगर बात यही होती तो झारखंड की तरफ से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी नहीं आती। ध्यान रहे, झारखंड में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार है और तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी खेमे का ही हिस्सा मानी जाती है। ऐसे में इन दोनों सरकारों के बीच इस तरह का विवाद विपक्ष की राजनीति को लेकर भी कोई अच्छा संदेश नहीं दे रहा।

## रहस्यमयी इंसान

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** उसे बहुत बुरा लगता है, क्योंकि उसने आज तक इतना रहस्यमयी इंसान नहीं देखा था। तभी डायना, उसी दिशा में चारों तरफ देखते हुए आगे बढ़ती रहती है। कुंभ मेला अपना आकार बढ़ाते जा रहा था। श्रद्धालु नदी के घाटों में, अपना डेरा जमा चुके थे। डायना भी सँभलते हुए, गंगा नदी के घाट पर आ जाती है। चारों तरफ लोग ही लोग, दिखाई दे रहे थे, लेकिन डायना की नजर तो, सिर्फ अघोरी को ही ढूंढ रही थी। तभी किस्मत से डायना को अघोरी फिर से नजर आते हैं, लेकिन वह नदी के दूसरी तरफ, एक पत्थर पर बैठे हुए थे। डायना अपने बगल में खड़े, एक व्यक्ति से अघोरी की तरफ इशारा करके कहती है कि, "वह बाबा वहाँ कैसे पहुँचे" लेकिन उस व्यक्ति को वहाँ कोई नजर नहीं आ रहा था। **...शेष कल**

# संपादकीय

## बातचीत ही रास्ता

गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी के देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और अहिंसा का पक्षधर रहा है। गांधी और बुद्ध हमें सतत याद दिलाते रहते हैं कि संघर्ष और हिंसा के बजाय अहिंसा और बातचीत के रास्ते से ही हम शांति की मंजिल पा सकते हैं। कीव में पीएम मोदी ने भी यूक्रेन और रूस से गांधी जी और गौतम बुद्ध की राह अपनाने की अपील की। वह युद्ध के दौरान मारे गए बच्चों की याद में बनाए गए मेमोरियल भी गए थे और वहां जाकर भावुक हो गए। पीएम मोदी ने मासूमों की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि सभ्य समाज में जहां लोग मानवता पर विश्वास करते हैं, निर्दोष बच्चों की मौतें अस्वीकार्य हैं। मोदी ने कहा कि वह बच्चों के खिलाफ हिंसा से बहुत दुखी हैं और भारत इस क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए अपने प्रयास करता रहेगा। उन्होंने शांति के लिए एक दोस्त के तौर पर व्यक्तिगत रूप से अपना योगदान करने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से पीएम मोदी की घनिष्ठता जग जाहिर है और अगर वह अपने दोस्त को युद्धविराम के लिए सहमत करने में कामयाब हो सके तो इतिहास में अमर हो जाएंगे। पीएम मोदी ही नहीं, समूची दुनिया इस इलाके में जल्द से जल्द शांति का सूरज उगते हुए देखना चाहती है।

रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद, 24 फरवरी 2022 से 31 जुलाई 2024 तक के जो आंकड़े ऑफिस ऑफ द हाई कमिश्नर ऑफ ह्यूमन राइट्स ने जारी किए हैं, वे मासूमों पर जुल्म की दास्तां बताते हैं।

# भयावह आंकड़े

अखिलेश श्रीवास्तव।।

युद्ध में भले ही कोई पक्ष खुद के जीतने का दावा करे, लेकिन अंतिम परिणाम केवल हार है। जमीन के कुछ टुकड़ों के लिए होने वाली जंग में असंख्य सैनिकों की जानें तो जाती ही हैं, बहुत से निर्दोष नागरिक भी इसका शिकार बनते हैं। सबसे ज्यादा दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं मासूम बच्चों को। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा ने इस सबसे बड़ी त्रासदी की तरफ एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींचा है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद, 24 फरवरी 2022 से 31 जुलाई 2024 तक के जो आंकड़े ऑफिस ऑफ द हाई कमिश्नर ऑफ ह्यूमन राइट्स ने जारी किए हैं, वे मासूमों पर जुल्म की दास्तां बताते हैं। इनके मुताबिक, 35160 लोग या तो मारे गए या घायल हुए।

इस दौरान 11520 मारे गए लोगों में 633 बच्चे थे, जबकि 23640 घायल आम नागरिकों में बच्चों की संख्या 1551 थी। ऑफिस ऑफ द हाई कमिश्नर ऑफ ह्यूमन राइट्स ने यह भी कहा कि असल संख्या कहीं अधिक हो सकती है। सबसे ज्यादा 3900 कैजुअलटी मार्च 2022 में देखी गई। यूनिसेफ की 26 अप्रैल 2024 को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन में पिछले साल की तुलना में इस साल 40: अधिक बच्चे मारे गए। 1 जनवरी से लेकर 31 मार्च 2024 तक, तीन महीनों के दौरान करीब 25 बच्चों ने जान गंवाई। अप्रैल के तीन हफ्तों में ही 9 बच्चे मारे गए।




युद्धरत क्षेत्रों में बच्चों की जान तो जाती ही है, जो घायल या सुरक्षित बच जाते हैं उनका भविष्य भी अंधकार में डूब जाता है। बच्चे न तो स्कूल में सुरक्षित रह पाते हैं, न अस्पताल और न ही घरों में। पहले कोविड की महामारी और उसके बाद जारी जंग की वजह से यूक्रेन में करीब पांच शिक्षा सत्र बर्बाद हो चुके हैं। स्कूलों पर हमले और असुरक्षा की वजह से 10 लाख से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है।

यूनिसेफ के आंकड़ों के मुताबिक, यूक्रेन में 2024 के पहले तीन महीनों में हजारों घर, 140 शैक्षिक संस्थान और 36 स्वास्थ्य केंद्रों को तहस–नहस कर दिया गया। इन हमलों से बिजली और पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित होती है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य हमेशा जोखिम में बना रहता है। ऐसे बच्चों की क्वॉलिटी ऑफ लाइफ पर बहुत बुरा असर पड़ता है। उनके मन–मस्तिष्क में दहशत घर कर जाती है। अपने पैरंट्स से बिछड़ चुके बच्चों की जिंदगी को पटरी पर वापस लाना बहुत कठिन हो जाता है।

केवल यूक्रेन–रूस ही नहीं, इतिहास के किसी भी युद्ध में मासूम बच्चों की बलि सबसे पहले चढ़ती है। हाल के इस्राइल–हमास संघर्ष में बच्चों पर कैसी गुजरी है, वह पूरी दुनिया ने देखा है। सीरिया के गृह युद्ध में मासूमों के साथ भयावहता के दृश्य आज भी आंखों से ओझल नहीं हो पाते। इस तरह के युद्धों से एक पूरी की पूरी पीढ़ी प्रभावित होती है। जो बच्चे बच जाते हैं, उनमें से कइयों के सिर से मां–बाप का साया छिन जाता है, पढ़ाई में बाधा आती है, कुपोषण के शिकार होकर तमाम बीमारियों से घिर जाते हैं, कई विस्थापित होकर दर–दर की ठोकरें खाते हैं।

### सूडोकु बवाल-5265

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु बवाल -5264 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

### अपना ब्लॉग

## इंसानों के लिए उम्मीद

**मोहन।** यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के वैज्ञानिक इवान कैंपलिसन ग्रीनलैंड शार्क की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के सुराग ढूंढने के लिए उसके मेटाबॉलिज्म का अध्ययन कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रीनलैंड शार्क जैसी लंबी उम्र वाली प्रजातियों की शारीरिक रचना और उनकी अनुकूलन क्षमता को अच्छे ढंग से समझ कर हम मानव स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस शार्क जितना जीवन काल पाना भले संभव न हो, औसत मानव जीवन को एक अतिरिक्त दशक तक बढ़ाना संभव हो सकता है। ग्रीनलैंड शार्क आराम से तैरने वाली मछली है। इसकी लंबाई 2.4 मीटर से 7 मीटर के बीच होती है और वजन 1.5 टन तक हो सकता है। यह मछली सैमन, ईल, सील और ध्रुवीय भालुओं का शिकार करती है। यह भोजन के बीच लंबे समय तक बिना कुछ ग्रहण किए रह सकती है। साल 2022 के एक अध्ययन के अनुसार, 224 किलो की ग्रीनलैंड शार्क दिन में 60 ग्राम से 170 ग्राम भोजन के साथ भी ठीक ठाक रह सकती है।





## यश चोपड़ा को राजेश खन्ना के नखरों से थी परेशानी, किताब में हुआ खुलासा

यश चोपड़ा और राजेश खन्ना ने इत्तेफाक और दाग जैसी फिल्मों में साथ काम करके एक हिट डायरेक्टर–एक्टर की जोड़ी बनाई। हालांकि, एक बार उनके बीच अनबन हुई और उन्होंने फिर कभी एक–दूसरे के साथ काम नहीं किया। यासिर उस्मान ने एक बार राजेश खन्ना पर एक बायोग्राफी लिखी थी जिसमें बताया गया था कि उन्होंने फिर कभी साथ काम क्यों नहीं किया। राजेश खन्नाः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज फर्स्ट सुपरस्टार में यासिर उस्मान ने खुलासा किया था कि यश चोपड़ा को उनके नखरों से परेशानी थी, जबकि राजेश खन्ना को लगता था कि यश उनसे बहुत मेहनत करवाते हैं। राजेश खन्ना से मनमुटाव के बाद यश चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के साथ श्कभी कभीश, सिलसिला जैसी कई फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। लेखक सागर सरहदी, जो यश चोपड़ा की कई फिल्मों के लेखक थे और राजेश खन्ना के भी करीबी थे, ने जीवनी में यह खुलासा किया था। इन फिल्मों के लेखक सागर सरहदी राजेश खन्ना के करीबी थे और उन्होंने इस मनमुटाव के विस्तार बताया था। किताब में कहा गया है, सागर को याद है कि एक बार उन्होंने यश चोपड़ा से पूछा था कि दाग जैसी सफल फिल्म बनाने के बाद उन्होंने राजेश को फिर से क्यों नहीं साइन किया।

## सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म राजा राम का फर्स्ट लुक रिलीज

भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म राजा राम का फर्स्ट लुक जारी किया गया। फर्स्ट लुक रिलीज होते ही फैंस के बीच भारी उत्साह का माहौल बन गया है। फर्स्ट लुक मुंबई में आउट किया गया। साथ ही प्रेस कांफ्रेंस भी किया गया जिसे संबोधित करते हुए खेसारीलाल यादव ने पत्रकारों के जरिए अपील की कि दर्शक उनके काम को सराहें और सकारात्मक रूप से समर्थन दें। खेसारी लाल यादव ने कहा कि वे हमेशा अपने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के आभारी हैं और उनका प्रयास है कि वे अपने काम से सभी को मनोरंजन प्रदान करें। उन्होंने यह भी अपील की कि भोजपुरी सिनेमा को बेहतर बनाने में सभी का सहयोग मिले। फिल्म राजा राम को लेकर खेसारीलाल यादव ने आगे कहा कि यह उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है, जिसमें उन्हें एक चुनौतीपूर्ण और अनोखा किरदार निभाने का मौका मिला है। इस फिल्म के सभी गाने सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चौनल के साथ साथ सभी लीडिंग म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

## उल्का गुप्ता ने इंडोनेशिया में धूप सेंककर जलाए लाखों दिल



टीवी एक्ट्रेस उल्का गुप्ता एक युवा बाल कलाकार के तौर पर फेमस हुईं और तब से टीवी की दुनिया में एक जाना–पहचाना चेहरा बन गईं। उल्का कई सारे शोज में नजर आ चुकी हैं और फैंस उनसे बेहद प्यार करते हैं। उनकी कोई भी फोटो अपलोड होते ही छा जाती है और वायरल हो जाती है। पास्ट में उन्हें उनके स्किन कलर को लेकर खूब ताने सुनने पड़े लेकिन बाद में उन्होंने ऐसे लोगों के मुंह पर तमाचा मारा जो उनकी आलोचना करते थे। उल्का गुप्ता अक्सर पर्दे के पीछे और शो की शूटिंग के दौरान अपने फैंस के साथ मस्ती करती रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और उनकी नई पोस्ट बेहद खूबसूरत है। उल्का गुप्ता अक्सर अपने फॉलोअर्स और फैंस को अपने ठिकाने के बारे में अपडेट देती रहती हैं। चाहे उनकी पर्सनल लाइफ हो या फिर प्रोफेशनल, वो अपनी जिंदगी की झलक सबको दिखाती रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इंडोनेशिया में अपनी छुट्टियों से खूब सारी खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। वह प्रिंटेड कोर्सेट और हरे रंग की स्कर्ट पहने हुए समंदर किनारे धूप सेंकते हुए बेहद सुंदर लग रही हैं। उनके पर्ल से सजे हूप इयररिंग्स और मैचिंग ब्रेसलेट परफेक्ट एक्सेसरीज हैं। उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया, श्क्या आप इस तस्वीर के जरिए समंदर की हवा को महसूस कर सकते हैं? सात फेरे में सलोनी की बेटी सावरी का किरदार निभाने से पहले उल्का गुप्ता ने रेशम दांख में से एक्टिंग की शुरुआत की।

# कौन हैं शहजादा धामी, जिन्होंने प्रोड्यूसर पर लगाए आरोप

*सलमान खान के विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 18 की शुरुआत बस मानिए हो ही गई है और इसके कंटेस्टेंट्स के नाम से भी धीरे–धीरे पर्दा उठ रहा है। शिल्पा शिरोडकर, विवियन डीसेना, चाहत पांडे के अलावा इसमें एक नाम शहजादा धामी का भी है। उनका एक जबरदस्त प्रोमो आया जारी किया गया था, जिसमें वह अपने शो के एक प्रोड्यूसर के बारे में बात करते हुए दिखे थे। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं और क्या है इनका इतिहास। शहजादा धामी पंजाब से हैं। इनके खानदान के बारे में तो ज्यादा जानकारी नहीं है। मगर इन्होंने घर–घर में अरमान पोद्दार बनकर खास जगह बनाई थी। इन्होने राजन शाही का पॉप्युलर सीरीयल ये रिश्ता क्या कहलाता है किया था, जिससे इन्हें रातों–रात निकाल दिया गया था।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**शहजादा धामी का करियर**

शहजादा धामी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2020 में स्टार प्लस पर आए शो ये जादू है जिन्न का से की थी, जिसमें ये रेहान खान का किरदार निभाते दिखे ते। इसके बाद इन्होंने छोटी सरदारनी में परमजीत सिंह गिल का रोल किया था। और फिर ये शुभ शगुन में दिखाई दिए थे। इन्होंने दो म्यूजिक वीडियोज भी किए।

**शहजादा धामी बिग बहस 18 में खोलेंगे पोल**

प्रोमो में शहजादा धामी कहते हैं, मुझे नहीं पता कि एक दिन क्या हुआ जब मेरे प्रोड्यूसर ने मुझे पूरी यूनिट के सामने अपमानित कर रहे थे, बेइज्जत कर रहे थे, मुझे जलील कर रहे थे। मुझे वहां से निकाल दिया। यहां वह राजन शाही के बारे में कह रहे हैं, जिन्होंने उनको शो से बाहर कर दिया था।



**राजन शाही को नहीं पसंद था शहजादा धामी का रवैया**

राजन शाही ने इंटरव्यूज दिए और बताया कि उन्होंने शहजादा धामी को उनके अनप्रोफेशनल रवैये के कारण निकाला गया था। प्रोड्यूसर ने सास बहू और साजिश से बातचीत में बताया था कि शहजादा तो जब वह कास्ट कर हे थे तो उन्हें कुछ लोगों ने एक्टर के बर्ताव के बारे में चेताया था। उन्होंने एक्टर की बदतमीजियां देखते हुए उनको निकालने का फैसला किया था।

**राजन शाही पर शहजादा धामी का आरोप**

राजन शाही ने कहा था कि उन्हें शहजादा का रवैया शुरू से ही सही नहीं लग रहा था। उसने यूनिट के साथ आउटडोर शूट के दौरान भी गलत बर्ताव किया था। और ये रवैया उनको बिलकुल पसंद नहीं आया था। वहीं, शहजादा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में बताया था कि राजन शाही चाहते थे कि वह उनके पैर छुएं, उन्हें हमेशा सर–सर कहकर बुलाएं। जबकि राजन शाही उनसे तू–तड़ाक करके बात किया करते थे।

**प्रतीक्षा होनमुखे से नहीं है संबंध**

शहजादा धामी ने बताया था कि उन्हें एक दिन बुलाया गया और कहा कि अपना सामान उठाओ और चले जाओ। राजन शाही पर आरोप लगाया था कि उन्होंने बहुत अपमान किया था लेकिन उन्होंने कुछ जवाब नहीं दिया था। प्रतीक्षा होनमुखे के साथ अपना नाम जोड़ने को लेकर भी कहा था कि ऐसा कुछ नहीं था लेकिन सेट पर ये बात फैला दी गई कि उनके बीच कुछ चल रहा है, जिससे एक्ट्रेस के परिवारवालों को काफी दिक्कत हुई थी। वह दोनों दोस्त हैं।

# माहिरा शर्मा के स्टेज पर चढ़ने के दौरान गिरीं धड़ाम

*माहिरा शर्मा एक अवॉर्ड फंक्शन में अपने घेरदार और भारी गाउन के कारण स्टेज पर चढ़ते वक्त गिर गईं। उनके वीडियोज वायरल हो रहे हैं और लोग उनको निशाना बना रहे हैं। हाल ही में पारस छाबड़ा से ब्रेकअप के चलते वह चर्चाओं में थीं।*




बिग बॉस सीजन 13 फेम माहिरा शर्मा एक अवॉर्ड फंक्शन में पहुंची, जहां से उनके तमाम वीडियोज सामने आए। इस बीच जब वह स्टेज पर पहुंचीं तो उनका वो वीडियो वायरल हो गया, क्योंकि वहां वह थोड़ी डगमगा गईं और सीढ़ियों पर ही गिर गईं। जिसके बाद कुछ लोग उन्हें पकड़ने के लिए आगे आए। साथ ही इंटरनेट यूजर्स भी उन्हें खरीखोटी सुना रहे हैं। लेकिन अपारशक्ति खुराना की तारीफ भी कर रहे हैं। पिछले दिनों माहिरा शर्मा अपने काम के बजाए पारस छाबड़ा से ब्रेकअप के कारण सुर्खियों में रही हैं। दोनों ने अपना 4–5 साल पुराना रिश्ता तोड़ दिया। लिव–इन में साथ रहने के बावजूद इनके बीच कुछ जमा नहीं, जिस कारण ये अलग हो गए। हालांकि पैप्स इन्हें अलग–अलग जगहों पर स्पॉट करते रहते हैं। अब एक्ट्रेस एक अवॉर्ड फंक्शन में पहुंचीं।

**स्टेज पर गिरीं माहिरा शर्मा**

माहिरा शर्मा ने जो गाउन पहना था वो बहुत ही घेरदार था और भारी भी था। जिस कारण उन्हें सीढ़ी चढ़ने में दिक्कत हुई। विरल भयानी के इंस्टा अकाउंट पर शेयर किए गए इस वीडियो में वह किसी तरह सीढ़ी चढ़ती हैं। हील्स में गाउन फंसने के बाद उसे निकालती हैं और फिर अपना एक हाथ आगे बढ़ाती हैं, जिससे कोई उन्हें थाम ले। वहीं, एक्टर अपारशक्ति खुराना पीछे से उनका गाउन उठाने के लिए बढ़ते हैं, मगर तब तक वह स्टेज पर पहुंच जाती हैं लेकिन इतने में ही वह अपना बैलेंस खो देती हैं और बुरी तरह वहीं गिर जाती हैं।

**अपारशक्ति खुराना ने जीता दिल**

वीडियो देख ऐसा लग रहा है कि उनका पैर मुड़ गया था, जिस कारण ये हादसा हुआ है। उम्मीद है कि उन्हें चोट न आई हो। पैर में मोच की शिकायत न हो। वहीं, इस क्लिप को देखने के बाद लोगों ने भी ताने मारने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा, जब चला नहीं जाता तो इस तरह से कपड़े क्यों पहनते हैं। एक ने कहा, हील नहीं सम्भाल पा रही तो पहनी क्यों? एक ने कहा, ऐसे कपड़े पहनती क्यों? एक ने कहा, श्अपारशक्ति खुराना वाकई एक सज्जन इंसान हैं।

# चोट पर गर्म पानी से सिकाई करें या बर्फ की, कौन सा है बेहतर

*यदि कहीं पर चोट लग जाए तो उसे समय पर ठीक करने के लिए सिकाई करने की जरूरत होती है। अब कई लोग इस दुविधा में रहते हैं कि चोट वाली जगह पर गर्म पानी से सिकाई की जाए या बर्फ की सिकाई बेहतर है। बर्फ और गर्म पानी दोनों के ही अपने-अपने फायदे होते हैं।*



**चोट लगने पर हीट थेरेपी**

शरीर के किसी अंग पर चोट लगने के बाद सूजन और दर्द हो जाता है। ऐसे में आपको बर्फ की सिकाई करनी चाहिए लेकिन दो दिन यानी 48 घंटे के बाद जब सूजन कम हो जाए तो मांसपेशियों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने के लिए गर्म पानी से सिकाई करना चाहिए। इसे हीट थेरेपी भी कहते हैं। सूजन और दर्द के कारण मांसपेशियां जकड़ जाती हैं और कठोर हो जाती हैं। इसलिए इसे आराम देने के लिए हीट थेरेपी देनी चाहिए।

**मांसपेशियों में खिंचाव होने पर बर्फ का इस्तेमाल**

यदि मांसपेशियों में गंभीर खिंचाव या दर्द हो तो हर एक–दो घंटे की देरी पर 10–15 मिनट के लिए बर्फ लगाना चाहिए। अगले दिन से तीन–चार घंटे पर बर्फ से सिकाई करें। चोट लगने पर आपको बहुत ज्यादा कसरत नहीं करना चाहिए। बहुत ही हल्के व्यायाम फायदेमंद हो सकते हैं।

**गठिया और पीरियड्स में दर्द के लिए गर्म सिकाई**

पुरानी मांसपेशियों के चोट या गठिया जैसे समस्या को गर्म पानी से सिकाई करने पर काफी राहत मिलती है। माहवारी के समय महिलाएं हीटिंग पैड का इस्तेमाल करती हैं या बोतल में गर्म पानी भरकर इस्तेमाल करती हैं। गर्म सिकाई करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है और दर्द से राहत मिलती है। कॉटन के कपड़े या तौलिए को गर्म पानी में भिगोकर उसे प्रभावित चोट के हिस्से पर लगाएं। ध्यान रहे कि पानी का तापमान बहुत ज्यादा ना हो। यदि त्वचा पर कोई खुली चोट हो तो बर्फ या गर्म पानी का सीधे उपयोग नहीं करना चाहिए। गर्म पानी से सेंकने के लिए उसका बहुत ज्यादा तापमान न हो वरना और भी जलन हो सकती है।

**सिकाई के लिए बर्फ का उपयोग**

जब आपको गंभीर चोट लगी हो तो उस जगह पर सूजन आ जाती है। ऐसे में चोट लगने के तुरंत बाद ही बर्फ से सिकाई करना सबसे प्रभावी उपचार माना जाता है। इसे थेरेपी भी कहा जाता है। इससे चोट के स्थान पर आने वाली सूजन कम होती है और दर्द में काफी राहत मिलता है क्योंकि यह उस हिस्से पर रक्त प्रवाह को नियंत्रित कर देता है। जब किसी स्थान पर चोट लगती है तो शरीर की प्रतिक्रिया के रूप में उस स्थान पर अधिक रक्त प्रवाह (ठसववकपदह) होने लगता है, जिस कारण दर्द और सूजन हो जाती है। ज्यादा गर्म पानी से सिकाई नहीं करनी चाहिए। इसके साथ ही अगर बर्फ से सिकाई करते समय त्वचा में बहुत ज्यादा ठंडक महसूस हो या त्वचा सुन्न पड़ने लगे तो सिकाई रोक देनी चाहिए।



## एक बीमारी ठीक नहीं होती, दूसरी पकड़ लेती है? तो खाने लगें ये चीज

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए कुछ सप्लीमेंट्स और दवाएं मदद करती हैं। मगर डॉक्टर इनसे ज्यादा नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। यह शरीर के नेचुरल डिफेंस सिस्टम को ताकतवर बनाते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ ने इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए कुछ विटामिन और मिनरल को आवश्यक बताया है। इसमें विटामिन ए भी शामिल है, जो इम्यून सिस्टम की टी और बी सेल्स को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसे गाजर और हरी पत्तेदार सब्जियां खाकर प्राप्त कर सकते हैं। विटामिन सी के अंदर एंटीऑक्सीडेंट, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीवायरल फंक्शन होते हैं। यह बी सेल्स और टी सेल्स को प्रभावशाली बनाए रखने में मदद करते हैं। खट्टे फल और टमाटर के अंदर इसकी भरमार होती है। इनका सेवन इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के लिए किया जाता है। धूप में रहने से स्किन विटामिन डी बनाती है, मगर इसे डाइट से भी ले सकते हैं। यह विटामिन इम्यून सेल्स की संख्या बढ़ाने में मदद करता है और उसे मजबूत बनाता है। फैटी फिश और अंडे के योल्क को इसका सबसे बढ़िया सोर्स माना जाता है। इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी चौथा विटामिन ई है। यह इम्यून सिस्टम के फंक्शन को बढ़ाने के लिए जरूरी माना जाता है। इससे शरीर में एंटीबॉडी और नेचुरल किलर सेल्स एक्टिविटी सुधरती है। यह पोषक तत्व नट्स और सीड्स के अंदर काफी ज्यादा होता है।

## मेनिनजाइटिस क्या है और कितनी खतरनाक है ये बीमारी ?

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स गुरुग्राम में न्यूरोलॉजी विभाग के क्लिनिकल डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर कपिल अग्रवाल ने कहा मेनिनजाइटिस एक ऐसी गंभीर समस्या है, जिसमें दिमाग और रीढ़ की हड्डी की सुरक्षात्मक झिल्लियों (मेनिन्जेस) में सूजन हो जाती है। दुनिया भर में मेनिनजाइटिस के मामले देखें जाते हैं। इस जानलेवा बीमारी में स्पाइनल कॉर्ड और ब्रेन की झिल्ली में सूजन आ जाती है। मेनिन्जेस झिल्लियां हमारे स्पाइनल कॉर्ड और दिमाग को कवर करके रखती हैं। बदलते मौजम में यह डिजीज अधिक खतरनाक हो सकती है। फंगस, वायरस, बैक्टीरिया या अमीबा से होने वाले संक्रमण की वजह से मेनिनजाइटिस हो सकता है। यह बीमारी एक दूसरे के संपर्क में आने से भी फैल सकती है। बाहर के बैक्टीरिया आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं, जिसकी वजह से आप दिमागी बुखार यानी ब्रेन फीवर के चपेट में आ सकते हैं। मेनिनजाइटिस होने पर फ्लू जैसे ही लक्षण दिखाई देते हैं। लेकिन इन मरीजों को अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, फोटोफोबिया, कंफ्यूजन होना, मतली, उल्टी, गर्दन का अकड़ना जैसे लक्षण नजर आते हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण बता चुके हैं मेडिटेशन का सही तरीका

*भारत में हजारों साल से लोग ध्यान लगाते आ रहे हैं। दुनिया में इसे मेडिटेशन के नाम से जाना जाता है। यह योग का इतना ताकतवर अभ्यास है कि दिमाग को अपने काबू में किया जा सकता है। इसके बाद पूरे शरीर पर भी कंट्रोल प्राप्त किया जा सकता है। साइंस भी मानता है कि इसके नियमित अभ्यास करके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।*

**बढ़ेगी तन-मन की शक्ति, मिलेंगे चमत्कारी फायदे**

ऋषि मुनि व साधु ध्यान लगाकर ही अपनी इंद्रियों पर काबू पाते हैं। मगर लोगों को अक्सर इसकी शुरुआत करने में दिक्कत होती है। उन्हें पता नहीं होता कि मेडिटेशन कैसे करना चाहिए। विभिन्न योग गुरु और एक्सपर्ट ने मेडिटेशन करने का तरीका बताया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भगवान श्री कृष्ण ने भी खुद इस तरीके को बता रखा है।

**श्री कृष्ण ने बताया मेडिटेशन का तरीका**

महाभारत के दौरान श्री कृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता सुनाई थी। इसी के 6 अध्याय के श्लोक 12 और 13 में उन्होंने ध्यान लगाने का तरीका बताया है। उन्होंने कहा कि मन की शांति और शुद्धि करने के लिए व इंद्रियों पर काबू पाने के लिए एक योगी को इस तरह ध्यान लगाना चाहिए। इसे आप घर पर मेडिटेशन शुरू करने के लिए भी अपना सकते हैं।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**कौन और कब कर सकते हैं मेडिटेशन?**

मेडिटेशन एक ऐसी प्रैक्टिस है, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। आप इसे दिन के किसी भी वक्त कर सकते हैं। हालांकि सुबह के वक्त इसे करना बेस्ट माना जाता है क्योंकि उस समय ध्यान लगाने में आसानी होती है। इसका अभ्यास बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक कोई भी पुरुष या महिला कर सकती है।

**घर पर मेडिटेशन कैसे करें?**

- ■एक आरामदायक और शांत माहौल में बैठें।
- ■सुखासन में बैठ जाएं।
- ■अपने रीढ़, गर्दन और सिर को एक सीध में रखें।
- ■दोनों आंखों की नजर नाक की नोक पर लाएं।
- ■नजर को बिना हिलाए नाक के सिरे पर ध्यान लगाए रखें।
- ■कुछ देर इसी स्थिति व मुद्रा में रहकर दिमाग को विचारों से खाली करने की कोशिश करें।

**ध्यान लगाने के साइंटिफिक फायदे**

- ■तनाव मैनेज होता है
- ■एंग्जायटी कम होती है
- ■इमोशनल हेल्थ सुधरती है
- ■आत्मबोध बढ़ता है
- ■संभावित उम्र बढ़ती है
- ■याददाश्त सुधरती है
- ■बुरी लतों से छुटकारा मिलता है
- ■नींद सुधरती है
- ■शारीरिक दर्द को सहने की शक्ति बढ़ती है
- ■ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है

## पुरुषों में बढ़ रहा है मानसिक बीमारी का जोखिम, दिखने लगते हैं ये संकेत



डॉ गौरव गुप्ता ,साइकैटरिस्ट, डायरेक्टर तुलसी हेल्थ केयर के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित पुरुष कई बार यह स्वीकार ही नहीं करते कि वह इस दौर से गुजर रहे हैं। ना ही किसी की मदद लेने की इच्छा रखते हैं। इस आर्टिकल में हम मानसिक स्वास्थ्य समस्या से पुरुषों के शारीरिक और मानसिक लक्षणों और कारणों पर नजर डालेंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने पर पुरुषों को नींद से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा या अधिक नींद आने की परेशानी हो सकती है, जिसे इनसोम्निया या हाइपरसोम्निया कहते हैं। मानसिक स्वास्थ्य खराब हो तो पुरुष अक्सर गुस्सा रहते हैं। छोटी–छोटी बातों पर बहुत जल्दी प्रतिक्रिया देते हैं या फिर बहुत ज्यादा ही निराश रहते हैं। इनका स्वभाव कब बदल जाए इस बात का कोई पता नहीं होता। किसी भी तरह के मानसिक विकार से पीड़ित व्यक्ति को दिनभर थकान महसूस होती है। किसी भी चीज में उत्साह नजर नहीं आता वह सिर्फ अपने कार्य को पूरा करते हैं, बिना किसी खुशी और उत्साह के। यदि कोई पुरुष मानसिक रूप से बीमार होता है तो वह सामाजिक मेल–जोल से दूरी बनाता है और अकेले समय बिताने की कोशिश करता है। अपने परिवार दोस्त सभी से वह धीरे–धीरे दूर होने लगता है। मानसिक रूप से पीड़ित पुरुष आत्महत्या करने की भी सोच सकता है। 20 से 24 वर्ष की आयु की युवा वयस्कों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की आत्महत्या से मरने की संभावना 5 गुना अधिक है।




भारत को मिली जीत

भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान को मात दे वर्ल्ड कप में अपना खाता खोला। टीम इंडिया ने ये मैच छह विकेट से अपने नाम किया। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 105 रन बनाए। भारत ने ये टारगेट 18.5 ओवरों में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। वहीं भारत की पुरुष टीम भी मैदान में थी और उसका सामना बांग्लादेश से था। यहां भी भारत को जीत मिली। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया।

## ब्रेक में जसप्रीत बुमराह निभा रहे हैं पत्नी का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महिला टी20 वर्ल्ड कप में क्रिकेट जगत के लिए काफी अहम था क्योंकि इस दिन भारत और पाकिस्तान की टीमें टकराई थीं। भारत और पाकिस्तान मैच पर सभी की नजरें होती हैं। क्रिकेट की सबसे बड़ी राइवलरी को लेकर हर कोई उत्साहित होता है। कई लोग इस मैच को देखने यूएई पहुंचे थे जिसमे टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। भारत की महिला टीम तो इस समय टी20 वर्ल्ड कप खेल रही है। भारत की पुरुष टीम भी इस समय बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रही है जिसका पहला मैच रविवार को ही ग्वालियर में था। बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया है। वह अपनी टीम छोड़ महिला टीम को सपोर्ट करने पहुंचे थे। जब भारत और पाकिस्तान का मैच चल रहा था तब बुमराह टीवी पर दिखाई दिए। उनके हाथ में माइक था और वह किसी से बात कर रहे थे। इसके बाद कैमरा मैदान की तरफ मुड़ गया। बुमराह का ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बुमराह की पत्नी संजना गणेशन आईसीसी के लिए काम करती हैं। वह स्पोर्ट्स प्रेजेंटर हैं और हर आईसीसी इवेंट्स में नजर आती हैं। इस महिला वर्ल्ड कप में भी संजना हैं और बुमराह उन्हीं के साथ यूएई में हैं।

# धोनी स्टाइल में मैच जिताकर हार्दिक पांड्या ने कोहली को छोड़ा पीछे

### पंत से शुरू की नंबर–1 की नई जंग, टीम इंडिया के खाते में आई एक और जीत

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या ने ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ तूफानी पारी खेल टीम इंडिया को जीत दिलाई। पहला मैच जीत भारत तीन मैचों की सीरीज में 1–0 से आगे हो गया है। पांड्या ने नाबाद 39 रनों की पारी खेली और एमएस धोनी की स्टाइल में छक्के से भारत को जीत दिलाई। इसी के साथ पांड्या ने विराट कोहली को पीछे कर दिया है। बांग्लादेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन बनाए। टीम इंडिया ने ये लक्ष्य 11.5 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पांड्या ने अपनी नाबाद पारी में सिर्फ 16 गेंदों का सामना किया जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं।

पांड्या ने जो दो छक्के मारे उसमें से आखिरी छक्का मैच विजयी छक्का था। 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पांड्या ने तस्कीन अहमद को छक्का मारा और मैच भारत की झोली में डाल दिया। धोनी अक्सर भारत को छक्का मारकर जीत दिलाते थे, पांड्या ने भी वही काम किया और विराट कोहली को पीछे कर दिया। पांड्या अब छक्के से मैच खत्म करने के मामले में भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांच बार छक्का मार भारत को जीत दिलाई है। पहले कोहली और पांड्या दोनों संयुक्त रूप से नंबर–1 पर थे। कोहली ने चार मैचों में छक्का मार भारत को जीत दिलाई। अब वह टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह




चुके हैं। इस मामले में एमएस धोनी और ऋषभ पंत संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं। दोनों ने तीन मैच छक्का मारकर जिताए हैं। देखा जाए तो पंत, इस मामले में पांड्या को पीछे छोड़ सकते हैं। क्योंकि कोहली और धोनी दोनों ही अब टी20 इंटरनेशनल नहीं खेलते हैं सिर्फ पंत खेलते हैं। अब दोनों के बीच में नंबर–1 की जंग होगी।
भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस मैच में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने दमदार खेल दिखाते हुए बांग्लादेश को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया। बांग्लादेश की टीम 19.5 ओवरों में 127 रनों पर ही ढेर हो गई। उसके लिए मेहेदी हसन मिराज ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। वह नाबाद रहे। भारत की तरफ से वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह ने तीन–तीन विकेट लिए।

## हमारे पास बोलने को शब्द नहीं बचे


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली है। हार्दिक पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छक्का मार भारत को जीत दिलाई। अपनी पारी के दौरान पांड्या ने एक अद्भुत शॉट खेला जिसे नो लुक शॉट कहा जाता है। यानी जब बल्लेबाज गेंद को मारने के बाद देखे नहीं। पांड्या के इस शॉट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं।
पांड्या ने भारतीय पारी के 12वें ओवर में तस्कीन अहमद की गेंद पर ये शॉट खेला। जीत के लिए टीम इंडिया को सिर्फ नौ रनों की जरूरत थी। तीसरी गेंद तस्कीन ने थोड़ी छोटी फेंकी जो पांड्या की कमर से थोड़ी ऊपर थी। पांड्या ने इसे बल्ले के इशारे भर से विकेटकीपर के सिर के ऊपर से बाउंड्री पार भेज दिया और गेंद की तरफ देखा भी नहीं।

# पाकिस्तान का दौरा करेगी भारतीय टीम! पीसीबी चेयरमैन को है भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। अगले साल (2025) में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर पहले ही बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इनकार किया है।
भारत के पाकिस्तान दौरा नहीं करने को ध्यान में रखते हुए उम्मीद कि जा रही है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में ही खेला जाएगा। वहीं, हाल ही में जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद टूर्नामेंट के हाइब्रिड मॉडल अपनाने को लेकर काफी चर्चा तो है, लेकिन इस बीच पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक बयान दिया है। पीसीबी को पूरा भरोसा है कि भारत समेत सभी टीमें पाकिस्तान का दौरा करेंगी। दरअसल, भारत

**भारतीय टीम के पाकिस्तान का दौरा करना बहुत ही मुश्किल**

और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनावों के साथ ही क्रिकेट संबंधों में भी उतार–चढ़ाव देखने को मिले हैं। साल 2008 के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है, जबकि पाकिस्तान की टीम कई बार भारत दौरे पर आई है, जिसमें 2016 का टी20 विश्व कप और 2023 का वनडे विश्व कप शामिल है।
इससे पहले एशिया कप 2023 में भी टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन यह टूर्नामेंट भी हाईब्रिड मॉडल के तौर पर खेला गया। पाकिस्तान– श्रीलंका में एशिया कप के मैच हुए। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल के आधार पर हो सकती है। इस कड़ी में



पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को लाहौर में लोकल रिपोर्टर्स से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय टीम मुझे पूरी उम्मीद है... अभी तक कोई ऐसी चीज नहीं है जिसकी वजह से वह पोस्टपोन करें या कैंसल करें, तो सारी टीमें पाकिस्तान आएंगी।
बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी पिछली बार 2017 में हुई थी, जब पाकिस्तान विजेता बना था। फाइनल में उसने भारत को हराया था।

## न्यूज डायरी




### एरॉन जोंस की तूफानी पारी से सेंट लूसिया ने जीता खिताब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका के लिए टी20 वर्ल्ड कप–2024 में दमदार बल्लेबाज करने वाले एरॉन जोंस ने एक बार फिर अपने बल्ले का दम दिखाया और टीम को खिताब दिलाया है। जोंस की तूफानी पारी की बदौलत सेंट लूसिया किंग्स कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में इस टीम ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को मात दी। गयाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 138 रन बनाए थे। सेंट लूसिया ने चार विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। जोंस और रोस्टन चेज ने मुश्किल हालात में साझेदारी कर टीम को खिताबी जीत दिलाई। 139 रनों के टारगेट के पीछा करने उतरी सेंट लूसिया की टीम को धीमी शुरुआत मिली। चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर उसको जब पहला झटका लगा तब उसका स्कोर 23 रन ही था। जॉन्सन चार्ल्स को रोमारियो शेफर्ड ने सात रनों के निजी स्कोर पर आउट कर दिया था। कप्तान फाफ डु प्लेसी 21 रनों से आगे अपनी पारी नहीं ले जा सके। उनका शिकार मोइन अली ने किया। एकीम अगुस्ते (13) और टिम सेइफर्ट (3) जल्दी पवेलियन लौट गए। यहां टीम पर हार का संकट मंडरा रहा था। यहां चेज और जोंस ने टीम को संभाला और 88 रनों की साझेदारी कर खिताबी जीत की इबारत लिख डाली।

### मेरी इंग्लिश खत्म हो गई, मोहम्मद सिराज ने बीच में छोड़ा इंटरव्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी हाली हमें मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो पर पहुंचे थे। रोहित शर्मा सहित सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह ने इसमें शिरकत की थी। इस शो पर इन सभी ने अपने साथियों और टीम को लेकर कई खुलासे किए। ऐसा ही एक खुलासा अक्षर ने टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को लेकर किया। ये सभी इसी साल जून में टी20 वर्ल्ड कप–2024 जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे। कपिल शर्मा शो पर वर्ल्ड कप जीत को लेकर कुछ सवाल पूछे गए जिसके जवाब में अक्षर ने सिराज की बहुत बड़ी पोल खोल दी। भारत ने रोहित की कप्तानी में 17 साल बाद टी20 वर्ल्ड चैंपियन का तमगा हासिल किया था। फाइनल जीतने के बाद टीम इंडिया कुछ दिन तक बारबाडोस में ही फंस गई थी क्योंकि वहां तूफान आ गया था। कपिल ने अक्षर से पूछा कि वह इन तीन दिनों में क्या कर रहे थे। इस पर अक्षर ने मजेदार जवाब दिया। उन्होंने कहा, कुछ नहीं बस लाइन में लगकर लंच, ब्रेकफास्ट ले रहे थे। हमारे साथ सिराज था वो अपनी कहानियां बता रहा था कि अरे डीके भाई (दिनेश कार्तिक) ने मेरा इंग्लिश में इंटरव्यू ले लिया। इतने सारे लोग हैं सबको इंग्लिश आती है हम दोनों को ही क्यों पकड़ा। ये सब बातें चल रही थीं। फिर कपिल ने अक्षर से पूछा कि आपने दिया फिर इंग्लिश में इंटरव्यू? इस पर अक्षर ने कहा, हां दिया ना, लेकिन मुझे ही नहीं पता कि मैं क्या बोला उस टाइम पर। सिराज तो आधा इंटरव्यू छोड़कर भाग गया, कह रहा था जितनी इंग्लिश थी खत्म हो गई है।

### प्रीति जिंटा का 16 साल का इंतजार खत्म, मिल गई पहली ट्रॉफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जब से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत हुई है तब से प्रीति जिंटा को ट्रॉफी का इंतजार है। उनकी टीम पंजाब किंग्स (जो पहले किंग्स इलेवन पंजाब थी) एक बार साल 2014 में आईपीएल फाइनल खेली थी लेकिन जीत नहीं सकी थी। हालांकि, अब प्रीति का 16 साल का ट्रॉफी का इंतजार खत्म हो गया है। नहीं, नहीं पंजाब ने प्रीति को कोई ट्रॉफी नहीं दिलाई है, लेकिन सेंट लूसिया किंग्स ने उनका इंतजार खत्म कर दिया है। सेंट लूसिया किंग्स ने कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 के फाइनल में गयाना अमेजन वॉरियर्स को मात देकर खिताब अपने नाम किया। ये टीम पहली बार सीपीएल का खिताब जीती है और इस जीत ने प्रीति जिंटा के इंतजार को भी खत्म कर दिया। दरअसल, पंजाब किंग्स की तरह की सेंट लूसिया किंग्स की मालकिन भी प्रीति जिंटा हैं। ये टीम भी उनकी है और इस टीम ने भी अपनी पहली ट्रॉफी जीती है और इसी के साथ प्रीति का साल 2008 से टी20 लीग की ट्रॉफी जीतने का जो सपना था वो सेंट लूसिया ने पूरा कर दिया। 16 साल बाद प्रीति को झोली में ट्रॉफी आई है। नहीं।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा महानगर की सदस्यता दो लाख पार होने पर दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश महामंत्री संगठन भाजपा अजय कुमार ने महानगर देहरादून द्वारा सदस्यता अभियान में 2 लाख सदस्यता पार करने पर बधाई दी है। सोमवार को भाजपा के संगठन पर्व एवं सदस्यता अभियान के तहत मोहब्बेवाला में हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में लघु उद्योगों के संचालन कर्ताओं के साथ हुए कार्यक्रम में उन्होंने नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि जो पार्टी राष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी हो ऐसी पार्टी का सदस्य बनने के लिए देश के करोड़ों लोग उत्साहित हैं। हम सब को नैतिक जिम्मेदारी के साथ प्रत्येक वर्ग में जाकर सभी को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलानी है। पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि हम को गर्व है कि हम आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### भदराज मंदिर रोड पर एक स्कूटी खाई में गिरी, 1 की मौत,1 घायल

**संवाददाता** मसूरी। स्कूटी में सवार होकर देहरादून से मसूरी घूमने के लिए आये दो युवक की स्कूटी क्लाउड एंड से आगे भदराज मंदिर रोड की ओर जाते समय अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जहां दोनो युवको को अस्पताल ले जाते हुए एक युवक ने दम तोड़ दिया। अन्य युवक की हालात गंभीर बनी हुई है। सोमवार सुबह कंट्रोल रूम के थाना मसूरी को सूचना दी कि एक स्कूटी क्लाउड एंड से आगे भदराज मंदिर रोड पर खाई में गिर गई है, जिस पर सवार दो छात्र गंभीर अवस्था मे पड़े है। मृतक युवक की पहचान शिफॉन(19) पुत्र सत्तार निवासीगण ग्राम भुड्डी नयागांव, थाना प्रेमनगर जनपद दून के रूप में हुई है। वहीं दूसरे घायल युवक की पहचान शहवाज (19) पुत्र नसीबुद्दीन निवासी– ग्राम भुड्डी नयागांव, थाना प्रेमनगर जनपद दून के रूप में हुई है।

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 17 अक्तूबर को निकलेगी

**संवाददाता** ऋषिकेश। मधुबन आश्रम की ओर से 17 अक्तूबर को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें क्षेत्र के व्यापारी, श्रद्धालु और विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग शिरकत करेंगे। सोमवार को मधुबन आश्रम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए परमानंद दास महाराज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अक्तूबर को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। मौके पर राधा गोविंद दास, रास बिहारी लाल, श्याम सुंदर दास, अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मंडल ऋषिकेश के अध्यक्ष राजेंद्र सेठी आदि उपस्थित रहे।

# हमारे युवा शिक्षा, तकनीक, कला, खेल हर क्षेत्र में दिखा रहे प्रतिभा: मुख्यमंत्री

**अभिनन्दन समारोह**

■ सीएम धामी ने आम्रपाली विश्वविद्यालय में आयोजित अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

■ आम्रपाली विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में किए कई बड़े कार्य

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कार्यक्रम में आकर उनके मन में हमेशा जोश एवं उत्साह का संचार होता है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा शिक्षा, तकनीक, कला, खेल हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। युवा शक्ति अपने सपनों को साकार करने के साथ ही समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपना योगदान दे रही है। आम्रपाली विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए हैं। आम्रपाली से पढ़कर आज युवा हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व भारत के ज्ञान और शक्ति से परिचित हो रहा है। बीते 10 सालों में भारत की पहचान और शक्ति पूरे विश्व में बढ़ी है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि मनुष्य अनंत शक्ति और ऊर्जा का भंडार है। व्यक्ति को केवल अपनी शक्ति ऊर्जा को पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ सही दिशा में चलने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। अल्मोड़ा, चंपावत, देहरादून में साइंस सेंटर, हल्द्वानी में एस्ट्रो पार्क एवं खेल विश्वविद्यालय के निर्माण सहित कई ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार युवाओं के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बीते 3 वर्षो में 17 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति दी गई है। राज्य में धर्मान्तरण को रोकने के लिए कानून लाया गया है। 5000 एकड़ से ज्यादा जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है।

राज्य में समान नागरिक संहिता भी जल्द लागू हो जायेगी। राज्य में जीएसडीपी में बीते 20 महीनों में 1.3 गुणा वृद्धि हुई है। बीते 2 साल में राज्य में प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तराखंड में बेरोजगारी दर 4.4 प्रतिशत कम हुई है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखंड ने देश में सबसे पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में ग्रॉस एनवायरनमेंट प्रोडक्ट पर भी कार्य कर रहा है।

इस मौके पर सांसद अजय भट्ट, दर्जाधारी राज्यमंत्री डॉ अनिल डब्बू, सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डॉ जोगेंद्र पाल रौतेला, आयुक्त कुमाऊँ दीपक, पुलिस उप महानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह रावत रावत, जिलाधिकारी वंदना, पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा मौजूद थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कर रही अनेक कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है। राजकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना पर कार्य किये जा रहे है। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में आईटी लैब, स्मार्ट क्लास एवं महिला छात्रावास का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने ब्रिटिश उच्चायोग एवं इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किए हैं। स्कॉलरशिप के तहत प्रदेश के 05 छात्रों को प्रतिवर्ष अध्ययन के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा। राज्य सरकार ने आम बजट में युवा कल्याण, खेल, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर 1700 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# कोबरा गैंग को घुटनो पर लाया एसएसपी अजय सिंह का अनुभव

**सफलता**

■कोबरा गैंग का तंजानिया निवासी तस्कर गिरफ्तार , दिल्ली से लेकर आया था कोकीन

**संवाददाता**

देहरादून। पुलिस ने कोबरा गैंग के विदेशी नागरिक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। तंजानिया का यह नागरिक कोकीन को दिल्ली से लेकर आया था। उसके पास से 68 ग्राम कोकीन बरामद हुई है। इस गैंग के तीन विदेशी तस्कर पहले भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अब पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत सभी क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की जा रही है। इस बीच राजपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि कोबरा गैंग के सदस्य एक बार फिर क्षेत्र में सक्रिय हुए हैं। इनका एक गुर्गा यहां कोकीन लेकर पहुंचा है। एसओ राजपुर पीडी भट्ट ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, बार अदि में चेकिंग की। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक



तस्कर ओल्ड मसूरी रोड की तरफ गया है। वहां पर बैरियर के पास एक व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। उसने अपना पर नासूर जहरान हेमद बताया। तलाशी में उसके पास से 68 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

आरोपी नासूर तंजानिया का निवासी है। उसने पूछताछ में बताया कि वह कोबरा गैंग का सदस्य है। वह तंजानिया के ही निवासी अपने दोस्त मैकडोनल्ट के साथ मिलकर देश के कई राज्यों में कोकीन सप्लाई कर चुका है। उसका मुख्य सप्लायर फैयानसी नाम का युवक है। वह भी भारत आता जाता रहता है। उसी ने मैकडोनल्ट को तस्करी के लिए कोकीन उपलब्ध कराई थी। उनके साथी देहरादून और दिल्ली में पार्टियों में लोगों को यह कोकीन सप्लाई करते हैं। यह कोकीन भी वह दिल्ली से लेकर आया था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अनिल जोशी (क्षेत्राधिकारी सदर ) उनि पीडी भट्ट, थानाध्यक्ष राजपुर, उनि संदीप कुमार, चौकी प्रभारी कुठाल गेट उनि प्रवेश रावत, उनि बलबीर सिंह रावत, कानि सुरेन्द्र, कानि अमित भट्ट शामिल रहे।

### तीर्थनगरी में पटरी पर लौटी चारधाम की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था

**संवाददाता** ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की आमद लगातार बढ़ रही है। रोजाना 500 से लेकर 900 यात्री ऋषिकेश में पंजीकरण के लिए पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही यात्री भगवान बदरी–केदार के जयकारों के साथ आस्थापथ रवाना हो रहे हैं। सोमवार को चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण कार्यालय में सुबह सात से लेकर शाम सात बजे यात्रियों का आना–जाना लगा रहा है। इस दौरान बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीगढ़, उड़ीसा, केरल, यूपी और महाराष्ट्र के 500 यात्रियों ने धामों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। सर्वर की समस्या खत्म होने चलते ही सभी यात्रियों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। कार्यालय परिसर में मध्य प्रदेश के कई यात्री धामों के लिए रवाना होने से पूर्व रास्ते का भोजन बनाते हुए दिखे। अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि सोमवार को पंजीकरण की ऑनलाइन व्यवस्था चालू हो गई, जिससे यात्रियों को भी त्वरित रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलने से राहत रही।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।